भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2743

10.03.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

म्यांमार में सेना द्वारा तख्ता पलट

2743. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

श्री सय्यद ईमत्याज जलील:

प्रो. सौगत राय:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या म्यांमार की सेना ने तख्ता पलट करके उस देश की सत्ता छीन ली है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस मुद्दे पर इंडिया, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने संयुक्त रुख अपनाया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस देश के बदलते परिदृश्य पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है तथा इस क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) विश्व के विभिन्न देशों की इस पर क्या प्रतिक्रिया है और चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों को ध्यान में रखते हुए इन घटनाओं के कारण म्यांमार पर भारत का रूख किस हद तक प्रभावित होने की संभावना हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (घ) भारत की म्यांमार के साथ जमीनी और समुद्री सीमा मिलती है और उस देश में शांति और स्थिरता को बनाए रखने में भारत के हित सीधे जुड़े हुए हैं। हमारी 'पड़ोस प्रथम' और 'एक्ट ईस्ट’ नीतियों के तहत, भारत ने म्यांमार में सामाजिक-आर्थिक विकास में सहयोग दिया है और देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुगम बनाया है। अत: म्यांमार में हालिया घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय है। भारत ने आग्रह किया है कि कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखा जाए और म्यांमार के नेतृत्व से कहा है कि वे अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से सुलझाने के लिए मिलकर काम करें। भारत म्यांमार की

स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए रखेगा और इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ चर्चा करता रहेगा।

म्यांमार के साथ भारत के संबंधों का अन्य देशों के साथ हमारे संबंधों पर किसी तरह का कोई असर नहीं पड़ता।

***